बरेली, रविवार
21 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+4=28

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 11 BOTTOM MIDDLE

बास्केटबाल में आइएमएस और सीईटी ए ने जीता खिताब

जासं, बरेली: श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में चल रही तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'हुंकार' का शनिवार को समापन हो गया। बास्केटबाल महिला वर्ग के फाइनल में सीईटी ए, पुरुष वर्ग में आइएमएस, क्रिकेट में आइपीएस, फुटबाल में सीईटी ने खिताब जीता।

आइएमएस के संदीप ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। आइपीएस और सीईटीआर के बीच क्रिकेट के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीईटीआर ने 56 रन का लक्ष्य रखा। आइपीएस की टीम ने छह विकेट से जीतकर फाइनल ट्राफी अपने नाम की। फुटबाल मैच सीईटी और सीईटीआर के बीच खेला गया। इसमें सीईटी ने दो पैनाल्टी शूटआउट कर 3-2 से मैच जीता। बास्केटबाल के दो फाइनल मुकाबले हुए। पहला मैच महिला वर्ग टीम सीईटी ए और नर्सिंग के बीच हुआ, जिसमें सीईटी ए ने जीत दर्ज की। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में आइएमएस की टीम ने सीईटीआर को हराकर जीत दर्ज की। आयोजन समिति के सचिव डा. सोवन मोहंती ने बताया कि विजयी टीमों और खिलाड़ियों को 27 नवंबर को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

एटा ने फाइनल में बनाई जगह

जासं, बरेली: फिट इंडिया टीचर गेम्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल शनिवार को एटा और प्रयागराज के बीच खेला गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में एटा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवर में 142 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम 109 रन पर ही आलआउट हो गई और एटा ने फाइनल में जगह पक्की की। इससे पहले बरेली और एटा के बीच पहला क्वार्टर फाइनल खेला गया। इसमें एटा ने बरेली को मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।